Seat No. : _______________

# KB-110-H

**March-2014**

## S.Y.B.Com. (Annual Pattern)

## Cost Accounting, Paper-II

## (Adv. Accounting & Auditing – II)

**Time : 3 Hours]** **[Max. Marks : 70**

**(Hindi Version)**

1. (a) संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए : (किन्हीं **दो**) **6**
   (1) आर्थिक आदेश मात्रा
   (2) लीफो (Lifo) पद्धति
   (3) बिन-कार्ड

   (b) क्रांति मिल्स का फरवरी-13 माह का कामदारों की जानकारी निम्नानुसार है : **4**

| | | |
|---|---|---|
| माह के प्रारम्भ में कामदार | – | 11600 |
| माह के अंत में कामदार | – | 4400 |
| वर्ष के दौरान मुक्त हुए कामदार की संख्या | – | 1120 |

   फ्लक्स पद्धति के अनुसार मजदूर फेरबदली (टर्न-ओवर) दर 25% है ।
   नवनियुक्त कामदारों की संख्या मालूम कीजिए ।

   (c) संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए : (किसी **एक**) **4**
   (1) प्रोत्साहन वेतन प्रथा
   (2) आदर्श वेतन प्रथा की लाक्षणिकताएँ

**अथवा**

कारखाने के एक यंत्र से संबंधित जानकारी निम्नानुसार है : **14**

| **विवरण** | **₹** |
|---|---|
| यंत्र की कीमत | 1,00,000 |
| उसके उपयोगिताकाल के अंत में भंगार कीमत | 20,000 |
| (यंत्र का कार्यकाल – 10 वर्ष है ।) | |
| सुपरवाइजर का वेतन (मासिक) | 2,000 |
| कारखाने की बिजली प्रतिमाह | 200 |
| कारखाने का अर्धवार्षिक भाड़ा | 6,000 |
| यंत्र का मासिक बीमा प्रीमियम | 50 |
| यंत्र की मरम्मत तथा रखरखाव खर्च (वार्षिक) | 1,000 |
| यंत्र की प्रति घंटे बिजली खपत | 10 यूनिट |
| 100 यूनिट का भाव ₹ | 10 |
| वर्ष के दरम्यान यंत्र के कार्य घंटे | 2000 |

यंत्र कारखाने के $\frac{1}{4}$ भाग स्थान घेरता है । कारखाने का सुपरवाइजर इस यंत्र पर अपने समय का $\frac{1}{4}$ भाग अर्पित करता है । कारखाने का बिजली खर्च, उसके द्वारा रोकी गई जगह के अनुपात (प्रमाण) में बँटता है ।

उपरोक्त जानकारी के आधार पर

(a) यांत्रिक घंटे की दर मालूम कीजिए ।

(b) एक जॉब पर खपत होने वाले माल-सामान की कीमत ₹ 120 हो तथा प्रत्यक्ष मजदूरी खर्च ₹ 140 हो तो जॉब का लागत मूल्य मालूम कीजिए । इस यंत्र पर जॉब 10 घंटे में पूरा होता है ।

2. दर्शना लिमि. का 31-12-13 की तारीख पर पूर्ण हुए वर्ष का व्यापार खाता और लाभ-हानि खाता निम्नानुसार है : **14**

| **विवरण** | **रकम ₹** | **विवरण** | **रकम ₹** |
|---|---|---|---|
| माल सामान | 40,000 | बिक्री – 2700 इकाइयाँ | 1,00,000 |
| प्रत्यक्ष मजदूरी | 24,000 | अंतिम स्टॉक उत्पादन का 10% | 8,000 |
| कारखाना खर्च | 16,000 | | |
| ऑफिस खर्च | 14,000 | प्राप्त ब्याज | 400 |
| बिक्री-वितरण खर्च | 9,000 | प्राप्त डिविडेंड | 400 |
| | | प्राप्त किराया | 400 |
| प्राथमिक खर्च बट्टे खाते में लिया गया | 4,000 | | |
| ख्याति बट्टे खाते में लिया गया | 200 | | |
| शुद्ध लाभ | 2,000 | | |
| | **1,09,200** | | **1,09,200** |

लागत का हिसाब नीचे की जानकारी से पूर्ण होता है :

(1) माल-सामान और मजदूरी खर्च उसकी लागत कीमत पर दर्शायी जाती है ।

(2) कारखाना के परोक्ष खर्च उसके प्रत्यक्ष मजदूरी खर्च के 50% लेना है ।

(3) ऑफिस परोक्ष खर्च कारखाना लागत का 20% लिया जाना है ।

(4) बिक्री वितरण खर्च प्रति इकाई ₹ 3 लिया जाना है ।

तैयार कीजिए (1) कुल लागत प्रदर्शन पत्रक

(2) दोनों लाभ मिलान पत्रक

**अथवा**

नीचे का विवरण अवनि इंजीनियरिंग लिमि. की लागत खाता बही में 31-12-12 को लिया गया है : **14**

| | उधार | जमा |
|---|---|---|
| माल सामान खाता बही नियंत्रण खाता | 3,40,000 | |
| कार्य प्रगति खाता | 2,60,000 | |
| तैयार माल खाता बही हवाला खाता | 2,90,000 | |
| सामान्य खाता बही हवाला खाता | | 8,90,000 |
| | **8,90,000** | **8,90,000** |

वर्ष 2013 के लेनदेन व्यवहार निम्नानुसार हैं :

| | ₹ |
|---|---|
| माल सामान खरीदी | 15,00,000 |
| उत्पादन में दिया माल सामान | 14,00,000 |
| मरम्मत व रखरखात में दिया माल सामान | 30,000 |
| माल सामान की असामान्य हानि | 20,000 |
| उत्पादक मजदूरी | 20,00,000 |
| मरम्मत की मजदूरी | 30,000 |
| अनुत्पादक मजदूरी | 1,50,000 |
| वास्तविक कारखाना खर्च चुकाया | 5,00,000 |
| लागत में लगा कारखाना खर्च | 6,50,000 |
| वास्तविक प्रशासनिक खर्च चुकाया | 2,00,000 |
| लागत में वसूल किये प्रशासनिक खर्च | 2,20,000 |
| बिक्री | 50,00,000 |
| वर्ष के अंत में तैयार माल | 2,50,000 |
| वर्ष के अंत में कार्य प्रगति | 1,00,000 |

उपरोक्त विवरण के आधार पर लागत खाता बही में आवश्यक खाता खोलकर ट्रायल बेलेंस बनाइए ।

3. (a) मेहसाणा ट्रान्सपोर्ट कं. लिमि. की 5 टन पावर की एक ट्रक से संबंधित विवरण निम्नानुसार है : **10**

| | |
|---|---|
| ट्रक की मूल कीमत | ₹ 10,00,000 |
| ट्रक की अनुमानित आयु | 10 वर्ष |
| ट्रक की अनुमानित आयु के अंत में भंगार कीमत | ट्रक की कीमत का 10% |
| ड्राइवर का वेतन | मासिक ₹ 5,000 |
| क्लीनर का वेतन | मासिक ₹ 3,000 |
| बीमा | वार्षिक ₹ 12,000 |
| रोड़ टेक्स | वार्षिक ₹ 6,000 |
| सुपरविजन खर्च | वार्षिक ₹ 9,600 |
| डीजल ऑयल खर्च | ₹ 10 प्रति लिटर |
| एक लिटर डीजल प्रति किमी | 10 km |
| मरम्मत व रखरखाव खर्च | मासिक ₹ 2,200 |

ट्रक 100 कि.मी. की दूरी पर दो शहरों के बीच माल का परिवहन करती है । प्रतिदिन दो राऊँड खेप करने में आती है । जाने के समय ट्रक की पूर्ण वहन क्षमता का किराया मिलता है । जबकि वापसी में 60% क्षमता के बराबर किराया मिलता है ।

ट्रक औसतन माह के 25 दिन चलती है । यह मानते हुए टन-प्रति किमी के हिसाब से लागत मालूम कीजिए ।

(b) संक्षिप्त टिप्पणी लिखें : (कोई **एक**) **4**

(1) जीत (JIT) अभिगम का अर्थ तथा उद्देश्य

(2) ए बी सी पद्धति का महत्त्व

**अथवा**

ए-वन कं. लिमि. की लेखा पुस्तकों में से वर्ष 2012-13 के लिए निम्नलिखित विवरण मिलता है । उस समय उत्पादन 3000 इकाइयाँ हुआ था । उनमें से 2500 इकाइयाँ, प्रति इकाई ₹ 210 की दर से बिके थे । **14**

| | ₹ |
|---|---|
| खपत हुआ कच्चा माल | 2,25,000 |
| उत्पादक मजदूरी | 1,20,000 |
| कारखाना शिरोपरी खर्च (60% चलित) | 90,000 |
| ऑफिस शिरोपरी (ओवर हेड) खर्च (स्थिर) | 45,000 |
| विक्रय शिरोपरी (ओवर हेड) खर्च (20% स्थिर) | 75,000 |

2013-2014 के वर्ष दरम्यान उत्पादन 4500 इकाइयाँ होगा और बिक्री 2012-2013 के 500 इकाइयाँ को मिलाकर कुल 4000 इकाइयाँ होगा । उत्पादक मजदूरी में वृद्धि 20% होगी ।

कारखाना स्थिर खर्च और बिक्रय शिरोपरी खर्च क्रमश: ₹ 9,000 और ₹ 17,000 से बढ़ेगा । ऑफिस खर्च 30% से बढ़ेगा । लागत पर 25% लाभ लेते हुए, बिक्री करना है ।

दोनों वर्ष के लिए कुल तथा प्रति इकाई लागत दर्शाता लागत पत्रक तैयार कीजिए ।

4. वसंत कं. लिमि. द्वारा लागत खाता जॉब नं. 657 का निम्न विवरण प्राप्त होता है : **14**

| | ₹ |
|---|---|
| माल सामान | 4,500 |

<u>वेतन</u>

विभाग-1 160 घंटे, प्रति घंटे ₹ 3.00 के हिसाब से

विभाग-2 120 घंटे, प्रति घंटे ₹ 4.00 के हिसाब से

<u>चलित परोक्ष खर्च निम्नानुसार</u> लिए जाते थे ।

विभाग-1 ₹ 6,000 जो 3000 सीधे श्रम घंटों के लिए हैं ।

विभाग-2 ₹ 8,000 जो 4000 सीधे श्रम घंटों के लिए हैं ।

<u>स्थिर परोक्ष खर्चे</u> :

4000 घंटों के लिए ₹ 8,000

आपको जॉब नं. 657 की लागत कीमत निकालनी है । यदि बिक्री कीमत ₹ 7,567 हो तो लाभ की दर बताइए ।

**अथवा**

महाराजा ने ता. 1-10-2013 को एक कमरा बनवाने के लिए ₹ 50,000 में करार लिया । इस करार के अनुरूप 31-12-2013 तक के खर्च इत्यादि का विवरण निम्नानुसार था : **14**

| | ₹ |
|---|---|
| कार्य स्थल पर भेजा गया माल-सामग्री | 18,000 |
| करार पर भेजे गये यंत्र | 3,000 |
| मजदूरी भुगतान | 15,000 |
| चुकाया सीधा खर्च | 1,000 |
| परोक्ष खर्च | 500 |
| स्टोर में वापस किया माल सामग्री | 1,000 |
| 2013 नवंबर के दरम्यान ₹ 1,000 की कीमत में बिक्री किये यंत्र | 900 |
| प्रमाणित काम | 40,000 |
| प्राप्त नकद | 35,000 |
| अप्रमाणित काम | 5,000 |
| स्थल पर माल-सामग्री 31-12-13 | 300 |
| स्थल पर यंत्र की कीमत 31-12-13 | 1,500 |
| करार के अनुसार चुकाने के लिए बकाया मजदूरी 31-12-13 | 500 |

करार का $\frac{2}{3}$ भाग का लाभ प्राप्त रोकड़ के आधार पर लाभ-हानि के खाते ले जाना है ।

महाराजा की लेखा पुस्तकों में करार खाता तैयार कीजिए ।

5. निम्नलिखित प्रश्नों के एक से अधिक जवाब दिए गए हैं उनमें से केवल एक जवाब ही सही है । आपको सही जवाब लिखना है और उसके समर्थन में जरूरी समझाइए भी देना हैं । **14**

(1) नीचे दिए गए में से किस वस्तु का प्रत्यक्ष माल सामान लागत में शामिल नहीं होता ?

(a) कपड़े सीने में प्रयुक्त धागा

(b) फर्निचर बनाने में प्रयुक्त लकड़ी

(c) कपड़े की मिल में प्रयुक्त रूई

(d) विद्युत केबल तार बनाने में प्रयुक्त PVC की तल

(2) निम्न में से कौन सा कथन सही नहीं है ?

(a) तैयार कपड़े के उत्पादन में बेच लागत पद्धति अधिक अनुकूल है ।

(b) प्रिंटिंग प्रेस के लिए करार-लागत पद्धति अधिक अनुकूल है ।

(c) जॉब-कॉस्टिंग कपड़े के मिलों के लिए अनुकूल नहीं है ।

(d) जहाजरानी उद्योग हेतु करार-लागत पद्धति योग्य है ।

(3) निम्न में से किस धंधे में सेवा लागत पद्धति लागू नहीं होती ?

(a) ट्रांसपोर्ट कं. (b) होटल

(c) ऑयल रिफाइनरी (d) हॉस्पिटल

(4) यदि लागत के हिसाब से लाभ ₹ 10,000 हो, तथा घसारा लागत के हिसाब से ₹ 25,000 हो और मौद्रिक हिसाब से ₹ 22,400 हो तो, मौद्रिक हिसाब से लाभ कितना होगा ?

(a) ₹ 10,000 (b) ₹ 7,400

(c) ₹ 12,600 (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

(5) समान लागत पद्धति का उद्देश्य है

(a) उत्पादन की प्रक्रिया में स्क्रेप का घटाव करना

(b) परोक्ष खर्च का प्रावदान वैज्ञानिक रीति से हो

(c) एक ही उद्योग के सभी इकाइयों के लिए एक ही बिक्रीय मूल्य का निर्धारण

(d) माल सामान का स्टॉक कम से कम रखना

(6) निम्न में से कौन सा कदम मजदूर फेरबदल दर घटाने में उपयुक्त नहीं है ?

(a) चयन की वैज्ञानिक पद्धति

(b) संतोषजनक कार्य परिस्थिति का प्रावधान

(c) कामदार संघों पर प्रतिबंध

(d) ग्रेच्युईटी व भविष्य निधि के लाभ देना

(7) निम्नलिखित में से कौन सी लागत पद्धति नहीं है ?

(a) सीमांत लागत पद्धति (b) जॉब लागत पद्धति

(c) बेच लागत पद्धति (d) करार लागत पद्धति